जारी है। वह पूरी होते ही सीमा शुल्क एवं सम्बद्ध अधिनियमों के अन्तर्गत विभागीय न्याय निर्णय की कार्यवाही की जायेगी (जिसमें माल की जब्ती तथा व्यक्तिगत दण्ड शामिल है) तथा सक्षम अदालत में मुकदमा चलाने के प्रश्न का भी निर्णय किया जायेगा।

मैडिकल कालेजों के विद्यार्थी

2061. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने मैडिकल कालेजों के पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों से यह बांड भरने के लिये कहा है कि वे परिवार नियोजन के तरीके अपनायेंगे; और

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नैयर): (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

राजघाट बिजली घर, नई दिल्ली

2062. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **सिंचाई तथा विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 2 ।जून, 1966 को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार राजधानी के राजघाट बिजली घर में एक बॉयलर में आग लग गई और जिसके फलस्वरूप $2\frac{1}{2}$ लाख रुपये की हानि हुई;

(ख) यदि हां, तो क्या इस मामले की कोई जांच की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री फखरुद्दीन अहमद) : (क) जी, नहीं। पावर प्लांट में कोई आग नहीं लगी, परन्तु प्लांट के बॉयलर को पानी के न मिलने के कारण 1.85 लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है।

(ख) बॉयलर अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत अपेक्षित मुख्य बॉयलर निरीक्षक, दिल्ली (अध्यक्ष), निदेशक, केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (बिजली स्कन्ध) और अधीक्षक अभियन्ता, राजघाट बिजली घर, दिल्ली बिजली संभरण उपक्रम, की एक जांच समिति ने इस दुर्घटना के कारणों की जांच की।

(ग) समिति द्वारा की गई जांच के अनुसार यह दुर्घटना इनसानी गलती के कारण हुई। इस दुर्घटना के जिम्मेदार बॉयलर अटेंडेंट को, जो उस समय ड्यूटी पर था, 14-6-66 से नौकरी से निलम्बित कर दिया गया है और उसके प्रति लगाये गये आरोपों की जांच करने के लिये दिल्ली बिजली सम्भरण उपक्रम ने एक विभागीय जांच समिति नियुक्त कर दी है।

Opium smuggling in Punjab

2063. **Shri Gulshan :**
Shri P. H. Bheel :

will the Minister of **Finance** be pleased to state :

(a) the number of persons arrested in Punjab for smuggling opium since 1962;

(b) the quantity of smuggled opium recovered from them and how many of them were finally sentenced by the courts; and

(c) whether Governments propose to intensify their drive against smuggling of opium ?

The Minister of Finance (Shri Sachindra Chaudhuri) : (a) The number of persons arrested yearwise is as under :—

Year	*Persons arrested*
1962	2,630
1963	2,045
1964	3,322
1965	1,088
1966 (upto 30th June)	18